PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक
# भीम प्रज्ञा
2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'सफलता की असली कुंजी निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास है– क्योंकि जो खुद पर विश्वास रखता है, वही हर चुनौती को अवसर में बदल देता है। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937



## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## 'मेरे पिता–संस्कार, संघर्ष और सत्य का जीवंत विद्यालय '

मनुष्य के जीवन में कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जो केवल संबंध नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन-दर्शन बन जाते हैं। मेरे लिए मेरे पिता ऐसे ही एक आदर्श, एक प्रेरणा और एक जीवंत पाठशाला थे। वे भले ही औपचारिक रूप से अधिक पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन जीवन के गूढ़तम ज्ञान, सामाजिक समझ और व्यवहारिक विज्ञान में उनकी पकड़ अद्भुत थी। उन्होंने कभी बड़ी-बड़ी किताबों का हवाला नहीं दिया, बल्कि अपने अनुभवों और सरल शब्दों में जो शिक्षा दी, वही मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बन गई। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

मेरे पिता कहा करते थे– 'पढ़ाई ऐसी चीज है जो कभी बंटती नहीं, जितनी बांटो उतनी बढ़ती है।' यह एक साधारण वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का वह मूलमंत्र है जिसने मुझे शिक्षा के प्रति समर्पित किया। उन्होंने हमें यह नहीं सिखाया कि केवल डिग्रियां हासिल करनी हैं, बल्कि यह सिखाया कि ज्ञान को आत्मसात करना है और उसे समाज के हित में उपयोग करना है। वे परिश्रम के उपासक थे। उनका मानना था– 'मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता खुद शोर मचा दे।' यही कारण है कि मैंने भी अपने जीवन में पढ़ाई और कार्य को दिनचर्या का हिस्सा बना लिया। आज यदि पत्रकारिता के क्षेत्र में मैं कुछ कर पाया हूं, तो उसके पीछे मेरे पिता के संस्कार, उनका अनुशासन और उनका अटूट विश्वास है। मेरे पिता का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने मेहनत-मजदूरी और खेत-खलिहानों में पसीना बहाकर हम बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का हर संभव प्रयास किया। उनके लिए परिवार का भविष्य सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी। वे स्वयं कठिनाइयों से जूझते रहे, लेकिन हमें कभी अभाव का अहसास नहीं होने दिया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी–सत्य के प्रति अडिग रहना। वे कभी भी सच्चाई कहने से पीछे नहीं हटे, चाहे उसके लिए उन्हें कितना ही नुकसान क्यों न उठाना पड़े। पंचायत हो या कोई सामाजिक मंच, वे हमेशा निर्भीक होकर अपने विचार रखते थे। उनका यह साहस और स्पष्टता आज भी मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी सरलता और सादगी ने उन्हें समाज में एक अलग पहचान दी। वे हर व्यक्ति के साथ आत्मीयता से जुड़ते थे और अपने व्यवहार से लोगों का विश्वास जीतते थे। यही कारण है कि आज भी उनके जाने के बाद लोग उन्हें सम्मान और श्रद्धा के साथ याद करते हैं। कोरोना काल जैसे कठिन समय में भी, जब पूरा देश संकट से जूझ रहा था, मेरे पिता ने घर बैठे ही हमें सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने छप्पनिया अकाल के अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा– 'इस आपदा में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोना चाहिए।' उनके इस विचार ने हमें प्रेरित किया और 'भीम प्रज्ञा कोविड-19 मीडिया हेल्पलाइन' के माध्यम से हमने जरूरतमंदों तक राशन पहुंचाने और उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई। यह केवल सेवा नहीं थी, बल्कि उनके संस्कारों का प्रत्यक्ष परिणाम था।

मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण प्रसंग आज भी मेरे मन में ताजा है। विद्यार्थी जीवन में मैं सामाजिक कुरीतियों, विशेषकर मृत्युभोज जैसी प्रथाओं के खिलाफ जनजागरण करता था। उस समय मैं यह कार्य छुप-छुप कर करता था, क्योंकि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी थी। एक दिन एक जनसभा में मेरे भाषण को मेरे पिता ने पहली बार सुना। जब मैं घर लौटा, तो मुझे लगा कि शायद पढ़ाई से भटकने के कारण डांट पड़ेगी। लेकिन हुआ इसके बिल्कुल विपरीत। मेरी मां जहां मुझे समझा रही थीं, वहीं मेरे पिता ने गर्व से कहा कि आज उन्होंने अपने बेटे को समाज के बीच सच्चाई के साथ बोलते हुए देखा और उन्हें महसूस हुआ कि उनका जीवन सफल हो गया। यह मेरे जीवन का वह क्षण था, जिसने मुझे अंदर से बदल दिया। मुझे यह विश्वास मिला कि मेरे पिता मेरी क्षमताओं को पहचानते हैं और मेरे मार्गदर्शक हैं।

**उन्होंने हमेशा कहा–** 'ऐसा काम करो जो सबके काम आए, अपना पेट तो जीव-जंतु भी भर लेते हैं।' यह वाक्य मेरे जीवन का ध्येय बन गया। आज सामाजिक सरोकारों, पत्रकारिता और जनसेवा के क्षेत्र में जो भी प्रयास मैं कर रहा हूं, वह उन्हीं के विचारों की निरंतरता है। आज मेरे पिता को इस दुनिया से विदा हुए चार वर्ष हो चुके हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद, उनके विचार और उनका अनुशासन आज भी मेरे जीवन में उतनी ही मजबूती से मौजूद हैं। वे भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सीख हर निर्णय में, हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती है।

उनकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर 'भीम प्रज्ञा सेंट्रल लाइब्रेरी' में अध्ययन दिवस के रूप में आयोजन करना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवित रखने का एक प्रयास है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि माता-पिता केवल जन्मदाता नहीं होते, बल्कि वे हमारे जीवन के पहले गुरु और सबसे बड़े प्रेरणास्रोत होते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने माता-पिता के त्याग, उनके संघर्ष और उनके संस्कारों को समझें, उनका सम्मान करें और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करें। क्योंकि जीवन की सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि उन मूल्यों में है जो हमें अपने माता-पिता से विरासत में मिलते हैं।

**अंत में, अपने पिता के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यही कहना चाहूंगा–**

**वे केवल मेरे पिता नहीं थे, वे मेरे जीवन के प्रकाश स्तंभ थे, हैं और सदैव रहेंगे।**

---

**कांग्रेस विधायक इसराइल का क्रॉस वोटिंग पर बयान**

# बोले- सही समय पर फैसला लिया, टिकट लेते समय समर्थकों को धक्के लगे थे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फरीदाबाद।**

हरियाणा की सियासत में पलवल जिले की हथीन विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मोहम्मद इसराइल एक बार फिर चर्चा में हैं। इसराइल ने कहा कि साल 2024 में मेरे समर्थकों को टिकट लेते समय धक्के लगे थे। अब बाद सही समय पर उन्होने ये फैसला लिया। मोहम्मद इसराइल ने राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग की थी, जिसको लेकर पार्टी की तरफ से उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसका अभी तक उनकी तरफ से जबाव नही दिया गया है। राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने के बाद कांग्रेस विधायक मोहम्मद इसराइल हथीन में लोगों से मिल रहे है। बुधवार को हथीन में एक निजी प्रोग्राम में उन्होंने शिरकत की। यहां पर उन्होंने लोगों को अपने क्रास वोटिंग के फैसले को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन्होंने किसी व्यक्तिगत स्वार्थ में नहीं, बल्कि



अपने समर्थकों और क्षेत्र के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया है।

### बोले- मेरे समर्थकों को धक्के लगे थे

इसराइल ने साल 2024 के विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनके समर्थक टिकट के लिए गए थे तो उनके लोगों को धक्के लगे थे। उन्होनें कहा कि एक ऐसे शख्स को पार्टी में शामिल किया गया था जिसका पार्टी से कोई लेना देना नहीं था। इससे पहले इसराइल कह चुके है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्?डा सहित कई लोग उनको टिकट मिलने के विरोध में थे। उनके मना करने के बाद भी हर्ष कुमार को हुड्?डा ने पार्टी में अपनी तरफ से शामिल कर लिया था।

### जनता की राय पर लडेंगे चुनाव

वो हमेशा जनता की राय पर चुनाव लड़ते आये है, अगर वो चार साल में विकास नही कर पाये तो लोगों की राय पर ही चुनाव लडेंगे। वो किसी पार्टी के साथ बंधकर चुनाव नही लडेंगे, ये जनता उनकी पार्टी है। जनता जैसे चुनाव लड़ाना चाहेगी वो वैसे ही चुनाव लडेंगे।

### 4 साल में होगें विकास कार्य पूरे

विधायक ने कहा कि लोगों का काम कहने का है उनको कभी संतुष्ट नही किया जा सकता है। लेकिन मुझे अपने लोगों का विकास करना है। सरकार सबकी होती है। हथीन में अगले 4 सालों में सरकार से विकास के काम लिए जायेंगे। उनके वालिद स्वर्गीय जलेब खां के समय में जो काम अधूरे रह गये थे, इन्हें 4 सालों में उनको पूरा किया जायेगा।

### कर्मवीर बौद्ध को बता चुके है ना पंसद उम्मीदवार

मोहम्मद इसराइल इससे पहले बता चुके हैं कि कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सीट के लिए कर्मवीर बौद्ध को उम्मीदवार बनाया। बौद्ध मुझे पंसद नहीं थे। इसलिए मैंने निर्दलीय उम्मीदवार को वोट किया। बौद्ध ने तो कभी मुझसे वोट की अपील भी नहीं की। बस एक बार फोन पर बात हुई तो सही से जवाब नहीं दिया। हां, अगर कर्मवीर की जगह पूर्व प्रदेशाध्यक्ष उदयभान को खड़ा किया जाता तो मैं कांग्रेस को वोट देता।

### इजराइल बोले- अपने लोगों के भविष्य के लिए फैसला लिया

इसराइल ने कहा कि उन्होंने जो फैसला लिया है वो अपने लोगों की भलाई के लिए लिया है। बच्चों के आने वाले भविष्य के लिए लिया है। हथीन के परिसिमन के लिए ये फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अगले 4 साल तक हथीन में विकास के कार्य होंगे, जिसके बाद लोग फैसला करें कि मैने सही किया है या गलत।

### बेटा बता चुका है विश्वाघाती

क्रास वोटिंग करने के बाद 22 मार्च को एमएलए के बेटे नाजिम चौधरी ने पिता से रिश्ता खत्म करने की बात कही थी। नाजिम ने कहा था कि पिता ने कांग्रेस के साथ विश्वासघात किया है। वो हमेशा राहुल गांधी के साथ काम करेंगे। वो अपने पिता और डीएसपी चाचा से कोई रिश्ता नही रखेंगे।

---

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती से आम जनता व किसानों पर बोझ होगा कम : सुभाष बराला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई भारी कटौती का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और जनहितकारी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम वैश्विक स्तर पर बढ़ती महंगाई के बीच आम नागरिकों के साथ-साथ किसानों को भी बड़ी राहत देने वाला है। बराला ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपये से घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया है, जबकि डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इससे परिवहन लागत घटेगी और इसका सीधा लाभ किसानों, व्यापारियों व आम उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। पिछले एक महीने में कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ्क़र 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इस अप्रत्याशित वृद्धि के चलते दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है।दक्षिण-पूर्व एशिया में 30 से 50 प्रतिशत तक, उत्तर अमेरिका में करीब 30 प्रतिशत, यूरोप में लगभग 20 प्रतिशत और



अफ्रीका में 50 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण वैश्विक हालात में भारत एक अपवाद बनकर उभरा है, जहां सरकार ने कीमतों में बढ़ोतरी का बोझ सीधे जनता पर डालने के बजाय राहत देने का रास्ता चुना है। यह निर्णय न केवल आर्थिक संतुलन बनाए रखने का प्रयास है, बल्कि आम नागरिकों के हितों की रक्षा का भी प्रतीक है। बराला ने विशेष रूप से किसानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समय फसलों की कटाई का सीजन चल रहा है और आने वाले समय में किसान नई बुआई की तैयारी भी करेंगे। ऐसे में डीजल की खपत बढ़ जाती है, क्योंकि ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, सिंचाई पंप और ढुलाई जैसे सभी कार्यों में डीजल का व्यापक उपयोग होता है। डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने से किसानों पर अतिरिक्त बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के सामने दो विकल्प थे–या तो अन्य देशों की तरह कीमतें बढ़ाकर जनता पर बोझ डाला जाए, या फिर खुद वित्तीय दबाव सहते हुए राहत दी जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दूसरा रास्ता चुना और जनहित को प्राथमिकता दी है। बराला ने बताया कि इस निर्णय से तेल कंपनियों पर पडने् वाले दबाव को भी संतुलित किया जा सकेगा, जबकि आम नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। सरकार ने अपने कर राजस्व में कटौती कर आमजन के हित को सर्वोपरि रखा है। साथ ही सरकार ने डीजल पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया है, ताकि देश में इनकी पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे और अंतरराष्ट्रीय कीमतों का अनुचित लाभ न उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय दर्शाता है कि केंद्र सरकार कठिन वैश्विक परिस्थितियों में भी आर्थिक स्थिरता बनाए रखते हुए आम जनता और किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

---

## रैफल्स विश्वविद्यालय में 'ड्रग डिस्कवरी एंड डेवलपमेंट प्रोसेस' पर कार्यशाला का आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराणा।**

**रमेशचंद ।** रैफल्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी में 'ड्रग डिस्कवरी एंड डेवलपमेंट प्रोसेस' विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती पूजा सैनी उपस्थित रहीं, जिन्होंने औषधि खोज एवं विकास की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट एवं विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने नई दवाओं के अनुसंधान, क्लीनिकल परीक्षण तथा उनके बाजार तक पहुँचने की प्रक्रिया पर विशेष प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजीव कुक्कर सहित स्कूल ऑफ फार्मेसी के सभी संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को औषधि अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में गहन जानकारी प्रदान करना था, जो पूर्णतः सफल रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस प्रकार की उपयोगी कार्यशालाओं के आयोजन की सराहना की।

---

# कन्या पूजन से घर में सुख, शांति एवं सम्पन्नता आती है : पिंकी झुंझुनूंवाला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** चैत्र मास में मनाए जाने वाले नवरात्रा का आज नवमी पूजन के साथ समापन हुआ। माता दुर्गा जी की घर घर में पूजा कर धोक लगाई गई। इस अवसर पर कन्या पूजन पर विशेष प्रकाश डालते हुए अग्रवाल महिला मण्डल की प्रमुख व धार्मिक आस्था की पुरोधा पिंकी झुंझुनूंवाला ने कहा है कि नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है । व्रत रखने वाले भक्त कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही अपना व्रत खोलते हैं । कन्याओं को देवी मां का स्वरूप माना जाता है । मान्यता है कि इस दिन कन्याओं को भोजन कराने से घर में सुख, शांति एवं सम्पन्नता आती है । नवमी पर्व को लेकर आज झुंझुनूंवाला हवेली में आयोजित कन्या पूजन धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कन्या भोज के दौरान नौ कन्याओं का होना आवश्यक होता है. इस बीच यदि कन्याएं 10 वर्ष से कम आयु की हो तो जातक को कभी धन की कमी नही होती और उसका जीवन उन्नतशील रहता है। नवरात्रि में कन्या पूजन का बहुत महत्व है। आमतौर पर नवमी को कन्याओं का पूजन करके उन्हें भोजन कराया जाता है. लेकिन कुछ श्रद्धालु अष्टमी को भी कन्या पूजन करते हैं ।



नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या भोजन का विधान ग्रंथों में बताया गया है। इसके पीछे भी शास्त्रों में वर्णित तथ्य यही हैं कि 2 से 10 साल तक उम्र की नौ कन्याओं को भोजन कराने से हर तरह के दोष खत्म होते हैं। कन्याओं को भोजन करवाने से पहले देवी को नैवेद्य लगाएं जाते हैं, और भेंट करने वाली चीजें भी पहले देवी को चढ़ाई जाती है। इसके उपरांत कन्या भोज और पूजन किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि कन्या भोजन न करवा पाएं तो भोजन बनाने का कच्चा सामान चावल, आटा, सब्जी और फल कन्या के घर जाकर उन्हें भेंट कर सकते हैं। इस दौरान शिवरतन, पिंकी,सुनीता झुंझुनूंवाला ने कन्याओं को भोजन करवाने के बाद उपहार व प्रसाद वितरण किया ।

---

# रामकिशन मेघवाल 'गुरुजी' पुनः बने भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष


**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराणा।**

**रमेशचंद ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल ने रामकिशन मेघवाल 'गुरुजी' को पुनः प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। गुरुजी अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उनकी पुनर्नियुक्ति पर क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में खुशी की लहर है। डॉ. जलदीप पथिक, जिला वक्ता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान ने बताया कि रामकिशन मेघवाल 'गुरुजी' का संगठनात्मक अनुभव और समाज में सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। गुरुजी लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।



---

भीम प्रज्ञा फाउंडेशन के संस्थापक
परिनिवृत श्री बुधराम पंवार
की चतुर्थ स्मृति में



जन्म : 1942 | परिनिर्वाण : 28 मार्च 2022
श्रद्धांजलि सभा
28 मार्च 2026, शनिवार
समय- सुबह 8:00 बजे से
स्थान- भीम प्रज्ञा सेंट्रल लाइब्रेरी बुहाना रोड पचेरी बड़ी( जिला झुंझुनूं)
सेंटरल लाइब्रेरी & दैनिक भीम प्रज्ञा समाचार पत्र
मो. 9983040937, 7340091374

घर की छतों या बालकनियों पर फल उगाने का चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, और इस लिस्ट में ड्रैगन फ्रूट एक खास पसंदीदा फल बनकर उभरा है। यह कैक्टस परिवार का एक पौधा है जिसे बहुत कम पानी और कम देखभाल के साथ आसानी से उगाया जा सकता है। सही तरीकों को अपनाकर, आप घर पर ही ताजे और सेहतमंद ड्रैगन फ्रूट का आनंद ले सकते हैं।





# गमले में लगाएं ड्रैगन फ्रूट, बस अपनाएं ये ट्रिक्स और पाएं जबरदस्त पैदावार

## सही पौधा और गमला चुने

ड्रैगन फ्रूट उगाने के लिए, आप किसी नर्सरी से इसकी कटिंग या एक छोटा पौधा खरीद सकते हैं। इसे लगाने के लिए एक बड़ा और मजबूत गमला चुनें और यह सुनिश्चित करें कि उसमें पानी निकलने की अच्छी व्यवस्था हो। कम से कम 15-20 इंच वाला गमला इसके लिए सबसे अच्छा रहता है, क्योंकि यह पौधा तेजी से फैलता है।

## मिट्टी को सही तरीके से तैयार करना

इस पौधे के लिए ऐसी मिट्टी जरूरी है जिसमें से पानी आसानी से निकल जाए। मिट्टी का मिश्रण तैयार करने के लिए, 50% बगीचे की मिट्टी, 30% रेत और 20% गोबर की खाद को आपस में मिलाएं। यह मिश्रण सुनिश्चित करता है कि पौधे को पर्याप्त पोषक तत्व मिलें और साथ ही मिट्टी में पानी जमा न हो-जिससे इसकी जड़ें सड़ने से बची रहती हैं।

## पौधा लगाने का सही तरीका

कटिंग को मिट्टी में लगभग 2-3 इंच गहरा दबाकर लगाएं और उसमें हल्का पानी दें। गमले को ऐसी जगह पर रखें जहां उसे रोजाना 5-6 घंटे सीधी धूप मिल सके। लेकिन ड्रैगन फ्रूट का पौधा एक बेल की तरह बढ़ता है, इसलिए इसे सहारा देने के लिए लकड़ी या धातु का एक खंभा लगाना बहुत जरूरी है।

## पानी देना और देखभाल

ड्रैगन फ्रूट के पौधों को बहुत ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती, हफ्ते में एक या दो बार पानी देना ही आमतौर पर काफी होता है। गर्मियों के महीनों में, आप पानी की मात्रा थोड़ी बढ़ा सकते हैं, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि मिट्टी में पानी जमा न होने पाए। महीने में एक बार जैविक खाद डालने से पौधे का विकास तेजी से होता है।

## फूल आने और फल लगने की प्रक्रिया

ड्रैगन फ्रूट का पौधा 8-10 महीनों में बड़ा होने लगता है और आमतौर पर 1-2 साल के भीतर इसमें फल लगने शुरू हो जाते हैं। इसमें बड़े-बड़े सफेद फूल आते हैं जो रात के समय खिलते हैं, और बाद में यही फूल फल में बदल जाते हैं। फूल आने के समय हल्की खाद और सही मात्रा में पानी देने से फलों की अच्छी पैदावार सुनिश्चित होती है।

## कटाई का समय

फल लगने के 30 से 50 दिनों के बाद ड्रैगन फ्रूट पककर कटाई के लिए तैयार हो जाता है। जब फल का रंग गहरा गुलाबी या लाल हो जाए, तब उसे तोड़ लें। एक बार पौधा अच्छी तरह जम जाने के बाद, यह साल में कई बार फल दे सकता है।



# घर में रखी पुरानी चीजों से सजाएं अपना घर, बिना खर्च मिलेगा नया लुक

हर कोई चाहता है कि उसका घर सुंदर और सबसे अलग दिखे, लेकिन अक्सर हमें लगता है कि घर को नया लुक देने के लिए बहुत सारे पैसों की जरूरत होगी। सच तो यह है कि घर की सजावट महंगी चीजों से नहीं बल्कि आपकी क्रिएटिविटी और समझ से होती है। हमारे घर में कई ऐसी पुरानी चीजें होती हैं जिन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं, जबकि उन्हीं चीजों का सही इस्तेमाल आपके घर की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा सकता है। थोड़ी सी मेहनत और रचनात्मक सोच से आप बिना पैसे खर्च किए भी अपने घर को नया और आकर्षक लुक दे सकती हैं। अगर आप भी इस फेस्टिव सीजन में अपने घर का मेकओवर करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए बेहद काम का है। यहां हम आपको 3 ऐसी पुरानी चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप आसानी से दोबारा इस्तेमाल करके घर की सजावट कर सकती हैं।

## कांच की पुरानी बोतलें बनेंगी शानदार फूलदान

अक्सर सॉस, जैम या कोल्ड ड्रिंक की कांच की बोतलें खाली होने के बाद हम फेंक देते हैं, जबकि इन्हें खूबसूरत फूलदान में बदला जा सकता है। पुरानी बोतलों को सजाकर आप घर के किसी भी कोने को आकर्षक बना सकती हैं।



## कैसे सजाएं

बोतल को अच्छी तरह साफ कर लें।

उस पर ऊन, जूट की रस्सी या रंगीन धागा लपेट सकते हैं।

चाहें तो पेंट से छोटे-छोटे डिजाइन बना दें। गले में सुंदर रिबन या लेस बांध दें।

नया लुक : इन बोतलों में मनी प्लांट या छोटे फूल लगाकर आप खिड़की, डाइनिंग टेबल या शेल्फ पर रख सकती हैं। इससे कमरा मॉडर्न और फ्रेश दिखाई देता है।

## पुरानी साड़ियों या दुपट्टों से बनाएं कुशन कवर

अलमारी में कई ऐसी साड़ियां या दुपट्टे होते हैं जिन्हें हम अब नहीं पहनते, लेकिन उनका कपड़ा बहुत सुंदर होता है। इनका इस्तेमाल करके आप अपने घर के लिए शानदार कुशन कवर बना सकती हैं।



# मकड़ी के जाल से छुटकारा घर में साफ-सफाई के साथ अपनाएं ये आसान उपाय

**घर में मकड़ियों और उनके जाल का होना अक्सर परेशान कर देता है। कभी-कभी एक दिन पहले साफ किए गए कोने में अगले ही दिन फिर जाल दिखाई देने लगते हैं। हालांकि ज्यादातर मकड़ियां सीधे नुकसान नहीं करतीं, लेकिन उनकी मौजूदगी घर में असहज माहौल पैदा कर सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे घर को मकड़ियों और उनके जाल से हमेशा के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है।**

## क्यों मकड़ियां घर में आती हैं?

मकड़ियां गर्म और सुरक्षित वातावरण पसंद करती हैं। घर के कोने, खिड़कियां और दरवाजे उनके लिए शिकार और रहने की आदर्श जगह बन जाते हैं। रिसर्च बताती है कि मकड़ियां गंध, सतह की बनावट और आसपास के बदलाव के आधार पर अपने आसपास का माहौल समझती हैं। ऐसे में अगर इन चीजों को असहज बनाया जाए, तो मकड़ियां उन जगहों से दूर रहती हैं।

## पिपरमिंट ऑयल से रोकथाम

सबसे आसान और प्रभावी तरीका है पिपरमिंट ऑयल का इस्तेमाल। जर्नल ऑफ इकोनॉमिक एंटोमोलॉजी के अनुसार, इसकी तेज खुशबू मकड़ियों के सेंसर को प्रभावित करती है और उन्हें दिशा पहचानने और शिकार ढूंढने में परेशानी होती है। पानी में 10-15 बूंद पिपरमिंट ऑयल मिलाएं। स्प्रे बोतल में डालकर घर के कोनों, खिड़कियों और दरवाजों के आसपास छिड़कें।

## सफेद सिरका

सफेद सिरका भी मकड़ियों को दूर रखने में मददगार है। इसमें मौजूद एसिटिक एसिड मकड़ियों के लिए तेज गंध पैदा करता है। पानी में सिरका मिलाकर स्प्रे बनाएं। अक्सर जाल बनने वाले कोनों और दरारों में इसका स्प्रे करें।

## नींबू और संतरे के छिलके

जर्नल ऑफ टॉक्सोलॉजी की स्टडी के अनुसार, नींबू और संतरे के छिलके में मौजूद लिमोनीन नामक तत्व मकड़ियों को पसंद नहीं आता। खिड़कियों, दरवाजों और दीवारों के किनारों पर साइट्रस छिलके रगड़ें। यह मकड़ियों को दूर रखने का प्राकृतिक और सुरक्षित उपाय है।

## देवदार (सीडरवुड)

सीडरवुड यानी देवदार की लकड़ी से बने उत्पाद भी मकड़ियों को दूर रखते हैं। इनमें मौजूद प्राकृतिक तेल मकड़ियों के लिए असहज माहौल बनाते हैं। घर के स्टोर रूम, अलमारी या बेसमेंट में सीडरवुड ब्लॉक या चिप्स रखें।

## घर की नियमित सफाई

सबसे जरूरी उपाय है साफ-सफाई। धूल-मिट्टी और ज्यादा सामान जमा होने से मकड़ियों को छिपने और जाले बनाने की जगह मिल जाती है।

## क्या करें

नियमित रूप से वैक्यूम क्लीनिंग करें। ट्ठकोनों, दराज और अलमारियों की सफाई करें। अनावश्यक सामान हटाएं। मकड़ियों और उनके जाल से छुटकारा पाने के लिए घरेलू उपाय + नियमित सफाई सबसे प्रभावी तरीका है। पिपरमिंट ऑयल, सफेद सिरका, साइट्रस छिलके और सीडरवुड के इस्तेमाल से घर को मकड़ियों के लिए असहज और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

# एसी-कूलर का बिजली बिल होगा आधा, घर में लगाएं ये कूलिंग प्लांट

गर्मी के मौसम में घर को ठंडा रखना बड़ी चुनौती बन जाता है। एसी और कूलर चलाने से बिजली का बिल भी तेजी से बढ़ जाता है। ऐसे में घर के अंदर कुछ खास कूलिंग प्लांट लगाने से प्राकृतिक तरीके से तापमान कम किया जा सकता है। ये पौधे हवा को शुद्ध करते हैं, नमी बनाए रखते हैं और कमरे को ठंडा महसूस कराने में मदद करते हैं। खास बात यह है कि इन्हें घर के अंदर या बालकनी में आसानी से उगाया जा सकता है। अगर आप भी बिना ज्यादा बिजली खर्च किए घर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो इन 5 कूलिंग प्लांट को जरूर लगाएं।



## एलोवेरा प्लांट

एलोवेरा गर्मियों के लिए सबसे फायदेमंद पौधों में से एक माना जाता है। यह पौधा हवा से गर्मी और टॉक्सिन को कम करने में मदद करता है। एलोवेरा रात में भी ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे कमरे की हवा फ्रेश और ठंडी महसूस होती है। इसे खिड़की के पास या बालकनी में रखना सबसे अच्छा होता है।

## स्नेक प्लांट

स्नेक प्लांट को 'मदर-इन-लॉ टंग' भी कहा जाता है। यह पौधा बहुत कम पानी में भी आसानी से बढ़ जाता है और घर की हवा को साफ रखने में मदद करता है। इसकी खासियत यह है कि यह दिन और रात दोनों समय ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे कमरे का वातावरण ठंडा और आरामदायक बनता है।

## मनी प्लांट

मनी प्लांट सिर्फ सजावट के लिए ही नहीं, बल्कि घर को ठंडा रखने में भी मददगार है। इसकी हरी पत्तियां कमरे में नमी बनाए रखती हैं और गर्म हवा को संतुलित करती हैं। इसे पानी या मिट्टी दोनों में आसानी से उगाया जा सकता है।

## एरेका पाम

एरेका पाम एक नेचुरल ह्यूमिडिफायर की तरह काम करता है। यह हवा में नमी बनाए रखता है, जिससे कमरे का तापमान संतुलित रहता है। बड़े कमरे या लिविंग एरिया में इसे रखना सबसे अच्छा माना जाता है।

## पीस लिली

पीस लिली न केवल घर की सुंदरता बढ़ाती है बल्कि हवा को भी शुद्ध करती है। यह पौधा वातावरण में मौजूद कई हानिकारक तत्वों को हटाता है और घर के अंदर ठंडा और फ्रेश माहौल बनाने में मदद करता है।

# साबुन के छोटे-टुकड़े आपके घर के कई बड़े कामों को बना सकते हैं आसान

साबुन के बचे हुए टुकड़ों को फेंकने के बजाय उनका स्मार्ट इस्तेमाल कर घर की कई समस्याएं सुलझाई जा सकती हैं। ये टुकड़े जाम हुई चैन और दरवाजों की चरमराहट को ठीक करने के साथ-साथ कपड़ों को महकाने और सिलाई चॉक के विकल्प के रूप में भी काम आ सकते हैं।

जब हम नहाते हैं तो साबुन का इस्तेमाल जरुर करते हैं। अक्सर साबुन घिसकर छोटे हो जाते हैं, तो इनका इस्तेमाल करना भी काफी मुश्किल हो जाता है। अगर आपके बाथरुम के रैक पर साबुन के छोटे-छोटे टुकड़े रखें हैं, तो इनको फेंके नहीं। साबुन के यह छोटे-टुकड़े आपके घर के कई बड़े कामों को आसान बना सकते हैं। चाहे किचन की सफाई हो या फिर कपड़ों की देखभाल। यदि आपके पास घर में साबुन के छोटे-छोटे टुकड़े पड़े हैं, तो इन्हें वेस्ट समझने के बजाय इकट्ठा करके रख लें। आइए आपको इस लेख में बताते हैं साबुन के स्मार्ट रियूज तरीके बताने जा रहे हैं।

दरवाजे के कब्जे या बैग की चैन को ठीक करना

अगर आपकी पुरानी जैकेट, बैग .या जींस की चैन फंसने लगे, तो काफी जोर लगाने पर भी नहीं खुलती है। इसके लिए साबुन का टुकड़ा बेहद काम आ सकता है। इसके लिए आप सूखी चैन के दांतों पर साबुन के टुकड़े को धीरे-धीरे रगड़े और चैन को दो-तीन बार ऊपर-नीचे करें। बता दें कि, साबुन लुब्रिकेंट का काम करता है, जिससे चैन मक्खन की तरह चलने लगती है।

इसके अलावा, आपके घर के दरवाजे या खिड़कियां के कब्जे में काफी आवाज आ रही है, तो उन पर गीला साबुन रगड़ दें। इसके इस्तेमाल से कुछ ही देर में आवाज तुरंत बंद हो जाएगी।



# माध्यमिक शिक्षा निदेशक का औचक निरीक्षण प्रवेशोत्सव अभियान में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार** । राजस्थान के माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने शुक्रवार को जयपुर जिले के सांगानेर एवं चाकसू क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शैक्षिक वातावरण एवं सत्र 2026-27 के प्रवेशोत्सव सघन अभियान की तैयारियों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। निदेशक ने सांगानेर और चाकसू पंचायत समितियों के अंतर्गत आने वाले राउमावि वाटिका, कुम्हारियावास और तितरिया विद्यालयों का निरीक्षण किया। विभाग द्वारा प्रवेशोत्सव के लिए चार चरणों में सर्वे कार्य के निर्देश दिए गए थे, जिसका पहला चरण 27 मार्च को निर्धारित था। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सांगानेर ग्रामीण द्वारा विभागीय निर्देशों के बावजूद उसी दिन शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक राउमावि भम्भौरिया में बैठक आयोजित की गई। इससे विद्यालयों में चल रहे प्रवेशोत्सव अभियान का प्रथम चरण बाधित हुआ, क्योंकि अधिकांश संस्थाप्रधान बैठक में व्यस्त रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सांगानेर ग्रामीण जयपुर के द्वारा प्रवेशोत्सव सघन अभियान में बाधा डालने के कारण निलंबन एवं राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत कार्रवाई प्रस्ताव शासन को भिजवाने के



निर्देश दिए गए है। राउमावि वाटिका में निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य सारिका सिंघल बैठक में उपस्थित रहने के कारण विद्यालय में अनुपस्थित मिलीं, जबकि विद्यालय स्टाफ को प्रवेशोत्सव अभियान की समुचित जानकारी नहीं थी। साथ ही, नियुक्त शिक्षक में से 4 शिक्षक अन्य कार्यों में लगे होने के कारण अनुपस्थित पाए गए। इस पर निदेशक ने प्रधानाचार्य के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए। निदेशक ने स्वयं क्षेत्र में जाकर डोर-टू-डोर सर्वे का निरीक्षण किया और अभिभावकों से संवाद कर सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जानकारी दी। बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलवाए जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने डिजिटल प्रवेशोत्सव मॉड्यूल ऐप में आ रही तकनीकी समस्याओं का भी मौके पर समाधान करवाया। राउमावि कुम्हारियावास, चाकसू में निरीक्षण के दौरान दो पंचायत सहायक लंबे समय से बीएलओ कार्य के नाम पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर दोनों को निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं एक शिक्षक गिरिराज साहू द्वारा आदेशों की अवहेलना करते हुए जनगणना ड्यूटी में जाने पर उनके खिलाफ भी राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राउमावि तितरिया में प्रवेशोत्सव अभियान के लिए कोई ठोस योजना नहीं मिलने और विभागीय निर्देशों की अवहेलना पर प्रधानाचार्य शशिबाला सपरा के विरुद्ध भी राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निदेशक सीताराम जाट ने स्पष्ट कहा कि प्रवेशोत्सव सघन अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ऋषिकुल स्कूल के 5वीं व 8वीं के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

ऋषिकुल स्कूल में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने तथा अधिकांश विद्यार्थियों के ए ग्रेड प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 5 एवं 8 के सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय प्रांगण में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का माला पहनाकर, तिलक लगाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया। कक्षा पांचवीं व आठवीं में ए ग्रेड प्राप्त करने के साथ-साथ पूरे वर्ष भर विद्यालय अनुशासन एवं अध्यापकों के दिशा निर्देश में रहने वाले छात्र-छात्राओं कक्षा 8 अंग्रेजी माध्यम में रिया बगड़िया, खुशी जांगिड़, खुशी शर्मा, रिद्धिमा, रिशिता, यशिका, मीनाक्षी, अंशी पवार, शुभम




जाजोदिया कक्षा 8 हिंदी माध्यम में भावेश, करण सिंह, साक्षी कक्षा 5 अंग्रेजी माध्यम में भव्य जाजोदिया, युग जाजोदिया, आरवी महरिया, लक्षिता शर्मा, दीक्षिता अग्रवाल आयत चिराणिया, कक्षा 5 हिंदी माध्यम में मनीषा, अंकित आदि को भी सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में संस्था प्रधान डॉ. रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष सुनीता शर्मा, नीधु मलिक सहित संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

# किढ़वाना के अरमान ने रोशन किया नाम, घर पहुँचकर लाडले का हुआ सम्मान, एम आर एस प्रणामी स्कूल की गौरवशाली परंपरा बरक़रार

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

परीक्षा परिणामों में एम आर एस प्रणामी स्कूल का दबदबा इस कदर रहा कि विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता को सिद्ध





किया है। प्रमुख प्रतिभावान विद्यार्थियों की सूची इस प्रकार है- नव्या पायल 96', नैतिक फोगाट 95.50', अमित सुल्तानिया 93.33', अरमान खानः 92.83', विवेक बंसल 91.83', रोहित 91.50', मो. जहीरः 91', मोहित सुल्तानिया 90.67', अर्जुन 90.67', प्रजुषा 90' मिले प्रतिभाओं के प्रोत्साहन की कड़ी में विद्यालय की ओर से विशेष पहल की गई। होनहार विद्यार्थी अरमान खान पुत्र सलीम खान के किढ़वाना स्थित निवास पर पहुँचकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा अरमान एवं उनके अभिभावकों का भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर अरमान ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, परिवार के सहयोग और संस्था के संस्कारमय वातावरण को दिया। संस्थान के प्रबंध निदेशक लेफ्टिनेंट आर.डी. शर्मा ने जानकारी साझा की कि एम.आर.एस. प्रणामी स्कूल पिछले 24 वर्षों से लगातार बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देने का कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने इस सफलता का मुख्य श्रेय विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया।

निदेशक अनिल दाधीच ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष भी विद्यालय का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय के 30 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90' से अधिक और 35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 85' से ऊपर अंक हासिल किए हैं। साथ ही कक्षा 8वीं और 5वीं के परिणाम भी ऐतिहासिक रहे, जिनमें 90 प्रतिशत बच्चों ने ए-ग्रेड प्राप्त की है। दाधीच ने जोर देते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है।

# फतेहाबाद जिले में गैस व ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, कमी की कोई स्थिति नहीं : डीसी

## जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई, अफवाहों से बचने की अपील

### एलपीजी शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु हेल्पलाइन व नोडल अधिकारी किए नियुक्त

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, इसलिए नागरिकों को घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। डीसी शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिला में उपलब्ध ईंधन स्टॉक की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए और किसी भी स्तर पर बाधा न आने दी जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस की बुकिंग



करें और अनावश्यक भंडारण से बचें। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं। प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी हुई है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। डीसी ने कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।जमाखोरी करने वालो पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय द्वारा एलपीजी से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 01667-230773 जारी किया गया है, जिस पर कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। एसपी सिद्धांत जैन ने भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नागरिक 112 पर संपर्क कर सकते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर जिले में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर नजर रखी जा रही है, अफवाह फैलाने वालो पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएफएससी कुशल बूरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# वंदे मातरम हमारा आदर्श और गौरव है : नितेश तिवाड़ी

भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।

**कमल किशोर पंवार** । अखिल भारती विद्यार्थी परिषद झुन्झुनू की नवलगढ़ इकाई द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में परिसर परिसर वंदे मातरम अभियान की शुरुआत राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय नवलगढ़ से की गई। नगर मंत्री कृष्ण सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सोशल मीडिया संयोजक नितेश तिवाड़ी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य अरविंद महला ने की। तिवाड़ी ने बताया कि परिसर परिसर वंदे मातरम अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और कर्तव्य निष्ठा की भावना को विकसित करना है। तिवाड़ी ने कहा कि वंदेमातरम हमारा आदर्श और गौरव है। तिवाड़ी ने वंदे मातरम के इतिहास विकास पर प्रकाश डाला और कहा कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसा संगठन है जो पूरे विश्व भर में अनेक गतिविधियों एवं आयामो के माध्यम से कार्य करता है। प्राचार्य अरविंद महला ने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है इसलिए युवाओं को अपने अंदर राष्ट्रनिर्माण की भावना जागृत करनी होगी और देश के लिए कार्य करना



होगा। डॉ अभिलाषा ने कहा कि स्टूडेंट को अपने करियर के लिए हमेशा लगातार मेहनत करनी चाहिए। और हमेशा मन में एक प्रश्न रहना चाहिए कि हमने देश के लिए किया क्या है? युवाओं को हर समय अपने देश के बारे में सोचना चाहिए। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति का जोश देखने को मिला इस अवसर पर अभाविप जिला संगठन मंत्री भवानी सिंह एवं समग्र स्टाफ सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सलोनी का स्कूल व्याख्याता में चयन होने पर प्रसन्नता

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा** । निकटवर्ती ग्राम तेतरा निवासी सलोनी पुत्री जगदीश प्रसाद तेतरा का राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्कूल व्याख्याता परीक्षा में गणित विषय में 49वीं रैंक के साथ चयन हुआ। चयन होने पर परिवारजनों व ग्रामीणों ने खुशी का जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । ज्ञात रहे सलोनी के माता- पिता शिक्षक हैं, एवं बड़े भाई नवीन राजस्थान प्रशासनिक सेवा कार्यरत हैं।



काजी समाज की संस्था काजी यूथ सेवा समिति द्वारा होना विद्यार्थियों का सम्मान

# विद्यार्थीयों ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर समाज व गांव का नाम किया रोशन- अकरम मुगल

### दसवीं बोर्ड में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर मोमेंटो देकर स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटीद्य

**सुमेर सिंह मीणा** । कस्बे में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दसवीं का परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का काजी समाज की संस्था काजी यूथ सेवा समिति द्वारा छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर अकरम मुगल (युवा नेता ) विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल कमेटी ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने दसवीं बोर्ड में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर समाज व गांव का नाम रोशन किया है द्य काजी यूथ सेवा समिति अध्यक्ष एहसान कच्छावा ने कहा कि छात्रों के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर उनका शेखावाटी परंपरा के अनुसार चुनरी का साफा पहनाकर सम्मान किया गया द्य



काजी यूथ सेवा समिति अध्यक्ष एहसान कच्छावा के अनुसार बच्चों और उनके परिजनों का संस्था की तरफ से साफ़ा व माला पहनाकर और ट्राफी देकर मिठाई खिलाकर उनका मान सम्मान किया। इस मौके पर काज़ी यूथ सेवा समिति अध्यक्ष एहसान कच्छावा, अकरम मुग़ल(युवा नेता) विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल कमेटी,इमरान बडाऊ, अयाज़ बडाऊ, फारूक मुग़ल सहित काफी संख्या में काज़ी समाज के युवा बुजुर्ग मौजूद रहें।

# उदयपुरवाटी में भगवा रैली के लिए हुआ बजरंग दल के कार्यालय का उद्घाटन

### संतो के सानिध्य में किया कार्यालय का शुभारंभ

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी

**सुमेर मीणा** । कस्बे में नई सब्जी मंडी के पास भगवा रैली को लेकर बजरंग दल कार्यालय का उद्घाटन संतों के सानिध्य में किया गया 27 मार्च 2026 को भगवा रैली के लिए बजरंग दल का कार्यालय का उद्घाटन संतो के सानिध्य में किया गया संतो द्वारा फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया गया जिसमें तिरुपति बालाजी महंत राम नारायण दास त्यागी महाराज, किन्नर समाज से सनम बाई ,श्री सांवरिया सेठ मंदिर से महंत श्री श्याम मनीष शरण



महाराज , तहसील संयोजक रणसिंह इनका माला पहनकर स्वागत किया गया द्य इस अवसर पर नगर संयोजक सुनील सैनी , प्रदीप सैनी, डॉ मुकेश बागड़ी, नितेश सैनी, शिवदयाल स्वामी पार्षद, रजत मौर्य, राजेंद्र दायमा, अशोक बाबा कार्यकर्ता मौजूद रहे

# बुहाना में एचपीवी टीकाकरण अभियानः किशोरी ने लिया लाभ, आमजन से की अपील

भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बुहाना में शुक्रवार को एचपीवी (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. महेन्द्र सिंह नेहरा द्वारा बीपीओ बुहाना श्रीमती राजबाला देवी की उपस्थिति में टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम में बीसीएमओ बुहाना डॉ. जयवीर सिंह भगासरा तथा पीएचसी



कुहाड़वास की चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरिता जांगिड़ के प्रोत्साहन से गांव कुहाड़वास निवासी कुमारी प्रज्ञा (पुत्री श्री पुष्पेन्द्र) ने सीएचसी बुहाना पहुंचकर एचपीवी वैक्सीनेशन का लाभ लिया। इस अवसर पर डॉ. जयवीर सिंह भगासरा एवं लाभार्थी प्रज्ञा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को अधिक से अधिक एचपीवी टीकाकरण कराया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव हो सके। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है।

# गिगलाना में श्रीराम नवमी पर 1.50 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण



भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराणा।

**(रमेशचंद)** । पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिगलाना में श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर गुरुवार को भव्य धार्मिक एवं विकासात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 17 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, विशाल भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति प्रधान संतोष यादव एवं भाजपा नेता बलवान सिंह यादव उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ममता चौहान ने की। संतोष यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत समिति क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास कार्य प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा भविष्य में विकास की गति और तेज की जाएगी। भाजपा नेता बलवान सिंह यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामवासियों से आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान लोक गायक प्रवीण रानीलिया एवं उनकी टीम ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन सहावत, सरपंच परमानंद, पूर्व मंडल अध्यक्ष बजरंग सिंह चौहान एवं राकेश सिंह चौहान, सूबेदार हजारी सिंह, जगपाल सिंह, रामपाल सिंह पंच सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# तीसरी पुण्यतिथि पर स्व. जगदीश प्रसाद मावर को दी श्रद्धांजलि, गोशाला में गायों को खिलाया हरा चारा

भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।

स्व. जगदीश प्रसाद मावर (अध्यापक) की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवारजनों ने रघुनाथ गोशाला, खेतड़ी में पहुंचकर गायों को हरा चारा एवं सब्जियां खिलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके सुपुत्र डॉ. अनिल मावर ने बताया कि परिवार द्वारा हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर सेवा कार्य किए जाते हैं। इसी क्रम में आज सुबह गोशाला में जाकर गायों को हरा चारा



खिलाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से पुण्य आत्मा को शांति मिलती है। इस अवसर पर सुनील मावर, सुमन, डॉ. अनिल मावर, वंदना, डॉ. नवीन मावर, सीमा, अनुष्का, यशस्वी, ओजस्वी, प्रियांशु, धर्मिष्ठा सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# वार्ड सीमा गड़बड़ी पर सामाजिक कार्यकर्ता महावीर सैनी की पहल, SDM से की शिकायत

भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।

नगर क्षेत्र में वार्ड सीमा को लेकर एक बड़ी समस्या सामने आई है। सामाजिक कार्यकर्ता महावीर सैनी ने इस मुद्दे को उठाते हुए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।



उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 21 में निवास करने वाले कई परिवार, नगर पालिका की निर्धारित सीमा के अनुसार वार्ड संख्या 16 के अंतर्गत आते हैं, लेकिन वर्तमान में उनका नाम गलत वार्ड में दर्ज है। इस विसंगति के कारण आमजन को सरकारी योजनाओं और स्थानीय सुविधाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही है। महावीर सैनी ने कहा कि कई परिवारों के सदस्य नौकरी या अन्य कारणों से सत्यापन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित नहीं हो पाए, जिससे उनके नाम भी दर्ज नहीं हो सके। इस संबंध में उन्होंने उपखंड अधिकारी (SDM) को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सभी प्रभावित परिवारों के नाम सही वार्ड संख्या 16 में जोड़े जाएं और अनुपस्थित सदस्यों को भी दस्तावेजों के आधार पर शामिल किया जाए। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान कर आमजन को राहत प्रदान करने की अपील की है।

# भगवान श्रीराम की लक्ष्मनगढ में निकली विशाल शोभायात्रा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद की ओर से रामनवमी पर शुक्रवार को भगवान श्री राम की विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरूष व परिषद के पदाधिकारी सदस्य, भजन मंडली शामिल थी।

श्री रघुनाथ जी के बड़े मंदिर से रथ पर सवार होकर होकर भगवान का नगर भ्रमण हुआ वहीं महंत अशोक दास महाराज के सानिध्य में रवाना हुई शोभायात्रा पूर्व निर्धारित व तय मार्गों से होते हुए निकली इस दौरान जगह जगह सामाजिक संगठनों, व्यापारियों की ओर से शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में डीजे, अंग्रेजी बैंड,भजन



मंडली, पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी, भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के संयोजक श्री कुमार लखोटिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरिप्रसाद पुजारी,परिषद अध्यक्ष विष्णु भूत, संरक्षक राजकुमार पारीक, सचिव निशांत गोयनका, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती विनीता पुजारी, सचिव सोनू सोमानी, निवर्तमान पालिका उपाध्यक्ष बनवारी पाण्डेय,नेता प्रतिपक्ष ललित पुरोहित, व्यवसायी अंकित काबरा,रामस्वरूप सोमानी, रामप्रसाद बनाईवाला, विमल चिराणिया, लक्ष्मीकांत चुडीवाला, आलोक पाराशर, रामस्वरूप पीटीआई, मनोज पाण्डेय, एडवोकेट रविंद्र शर्मा,सतीश शर्मा,पूर्व पार्षद गोपाल लाटा, संदीप बजाज, पवन बूटोलिया,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त साथ थे। इससे पूर्व श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन कर मंगल कामना करते हुए महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अनुसूचित जाति-जनजाति संगठनों ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात, अत्याचार के मामलों पर रखी बात

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्गों पर हो रहे अत्याचार एवं उत्पीड़न के मामलों को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला पुलिस अधीक्षक, झुंझुनूं से शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टमंडल ने पुलिस अधीक्षक को जिले में घटित हो रही घटनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने की मांग रखी। साथ ही कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने पर जोर दिया। इस दौरान शिष्टमंडल में रामनिवास भूरिया (स्टेट उपाध्यक्ष, डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी, राजस्थान),



रामानंद आर्य (जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समिति, झुंझुनूं), संरक्षक बलवीर सिंह काला, बी.एल. बौद्ध (प्रदेश महासचिव, समता सैनिक दल, जयपुर) सहित हरिराम पिपरालिया, विधाधर बालान, हरफूल सिंह घोटड़, हरिशचंद्र सर्वा, सवाई सिंह सर्वा एवं प्रताप सिंह उपस्थित रहें। प्रतिनिधियों ने आशा जताई कि प्रशासन द्वारा इन मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी और समाज में सुरक्षा एवं न्याय का माहौल सुनिश्चित किया जाएगा।

# भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर 108 दीपों से आरती कर संगीतमय सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ, रामधुन, भजन कीर्तन कर मनाया रामनवमी उत्सव

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ।

यहां गढ पर स्थित दक्षिणाभिमुख सिद्धपीठ श्री गढ.के बालाजी मन्दिर में भजन गायक कलाकार दिलीप पाराशर के नेतृत्व में लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ, श्री गढ.के बालाजी के पुजारी सुभाष जोशी व बालाजी के भक्तों द्वारा रामनवमी के पावन पर्व पर सुंदरकांड महा आरती का आयोजन किया गया। गढ के बालाजी के पुजारी एवं लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी ने बताया कि शुक्रवार रामनवमी को बालाजी के चोला चढ़ाकर कर भव्य श्रृंगार कर बजे से गायक कलाकार दिलीप पाराशर के नेतृत्व में व लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ के सभी पदाधिकारीयों व सदस्यों के साथ श्री गढ. के बालाजी के भक्तो द्वारा संगीतमय सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ कर 108 दीपों से सामूहिक आरती की गई। इसके बाद रामधुन व भजन कीर्तन कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में दिलीप




पाराशर, ताराचंद चेजारा, महेन्द्र घासोलिया, विवेक सैनी, अंकित वर्मा, कन्हैयालाल सैन, दीपक सैनी ने अपनी मधुर धुन पर सभी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में संजय जोशी, विशाल जोशी, जितेन्द्र जोशी,शर्मा, अंकित कुमावत ,गिरधारीलाल लाल सैनी, गोविन्द सैनी, महेन्द्र सैनी, चिराग वर्मा, अरूण वर्मा, लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत सहित श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

# भीम प्रज्ञा फाउंडेशन के संस्थागत फाउंडर बुधराम पंवार की चतुर्थ पुण्यतिथि आज

भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।

भीम प्रज्ञा फाउंडेशन के संस्थागत फाउंडर बुधराम पंवार की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं अध्ययन दिवस के रूप में आज 28 मार्च शनिवार को 9:00 बजे भीम प्रज्ञा सेंट्रल लाइब्रेरी बुहाना रोड पचेरी बड़ी में मनाया जाएगा। इस मौके पर आध्यात्मिक अनुष्ठान के साथ पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

भीम प्रज्ञा के संपादक हरेश पंवार ने बताया कि उनके पिता परीनिवृत्ति बुधराम पंवार के बताए गए मार्ग पर चलते हुए उनके हाथों से लगाया गया जनसंचार का यह पौधा वट वृक्ष का रूप धारण कर पत्रकारिता के क्षेत्र में सृजनात्मक और रचनात्मक कार्य करते हुए जो सामाजिक सरोकार किए जा रहे हैं उनकी नींव उनके पिता परीनिवृत्ति बुधराम पंवार ने 2009 में रखी थी। पिता के संस्कार और विचारों को सामाजिक तालीम देते हुए उनकी प्रथम पुण्यतिथि के अवसर



पर जल मंदिर का उद्घाटन और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के किसान परिवारों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित करने के लिए उनकी यादगार में सेंट्रल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया जो आज विगत तीन वर्षों में 33 अभ्यर्थियों को सेल्फ स्टडी के जरिए सरकारी नौकरी मिलने में कामयाबी मिली है। दूसरी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव सहड़ का बास में वाटर कूलर का उद्घाटन किया जा चुका है। हर वर्ष की भांति इस बार भी अध्ययन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जिसे अध्ययन दिवस के रूप में मनाया जाएगा

# 72 वीं बार रक्तदान कर बनाया रिकॉर्ड

भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।

**कमल किशोर पंवार** । राधेश्याम आर.आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में डॉ. जगदीश प्रसाद कड़वासरा ने 72 वीं बार रक्तदान किया ।इस अवसर पर डॉ. कड़वासरा ने रक्तदान करते हुए युवाओं को प्रेरित करने का काम किया और यह कहा कि यदि एक युवा छात्र या छात्रा साल में चार बार रक्तदान करता है , तो न केवल वह स्वयं स्वस्थ रहता है अपितु कम से कम एक साल में चार लोगों की जान को बचा सकता है ।तो इसलिए हम सब जो रक्तदान करने की योग्य हैं, समय-समय पर रक्तदान करें ।और असहाय एवं जरूरतमंद की जान बचाने का एक मानवीय कार्य करें ।इस अवसर पर राधे श्याम आन. आर. मुरारका जो झुंझुनू के प्रथम सांसद रहे, उनके 103 वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा ज्योति राधेश्याम आर.आर. मुरारका चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा डॉ.कड़वासरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि नवलगढ एसडीएम कुलदीप सिंह शेखावत, एसपी




महावीर सिंह शेखावत, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार महला व सेवा ज्योति के हेड द्वारा भामाशाह गौतम मुरारका के माध्यम सेदिया गया। डॉ. कड़वासरा को इसी प्रकार रक्तदान करते रहने एवं स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए यह प्रशस्ति पत्र सोंपा। इस अवसर पर झुंझुनू जिले के समस्त राजकीय महाविद्यालयों के सभी कर्मचारी गण, छात्र-छात्राएं और नवलगढ़ के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खेतड़ी में घुमरिया के घर मातृ शोकः विधायक प्रत्याशी मनोज घुमरिया की माताजी का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

भीम प्रज्ञा न्यूज़ खेतड़ी।

खेतड़ी क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी मनोज घुमरिया के घर मातृ शोक का दुखद समाचार सामने आया है। उनकी पूजनीय माताजी स्वर्गीय श्रीमती सरस्वती देवी का 27 मार्च 2026 को स्वर्गवास हो गया। स्वर्गीय सरस्वती देवी एक आदर्श महिला के रूप में क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखती थीं। उन्होंने परिश्रम, त्याग और लगन के साथ दिन-रात मेहनत कर अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान की। उनके संस्कारों और मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उनके परिवार के सदस्य आज विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए



नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित हैं। उनका अंतिम संस्कार आज 28 मार्च 2026 को प्रातः 9:00 बजे पैतृक गांव दहरवाला, संजय नगर (खेतड़ी) में किया जाएगा। इस दुखद समाचार से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और बड़ी संख्या में लोग शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।शोकाकुल परिवार में उनके पुत्र कैलाश घुमरिया( पूर्व प्रधान मुख्य आयुक्त आयकर), सरदारमल घुमरिया (पूर्व सरपंच), बनवारी लाल घुमरिया, हवासिंह घुमरिया( आईपीएस एडीजी), मनोज घुमरिया(खेतड़ी विधायक प्रत्याशी), महिपाल सिंह घुमरिया(अपर आयुक्त सी जीएसटी) सहित समस्त घुमरिया परिवार एवं शुभचिंतक शामिल हैं। प्रकृति की गोद मे दिवंगत पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दे।

# 3 साल में नशा मुक्त विद्यालय क्षेत्र बनाना प्रस्तावित

भीम प्रज्ञा न्यूज

**भरतपुर/बाड़मेर ।** युवाओं को नशे से बचाने के लिए आने वाले समय में नशा मुक्त विद्यालय क्षेत्र का दायरा बढ़ाया जाएगा। अब तक शिक्षण संस्थानों के सौ गज दायरे में तंबाकू उत्पाद व नशीले पदार्थ आदि बेचने पर मनाही थी। भविष्य में इसे बढ़ाकर पांच सौ मीटर किया जाएगा।

**अब स्कूल के 500 मीटर दायरे में तंबाकू- नशीले पदार्थ नहीं बेच सकेंगे**

# फतेहाबाद रतिया डीसी की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 को

## डीपीआरसी हॉल में आयोजित बैठक में डीसी करेंगे 12 मामलों की सुनवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 मार्च को बाद दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के समीप स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी हॉल) में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती करेंगे। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे जाएंगे। सीटीएम गौरव गुप्ता ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में 2 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 10 परिवाद नये रखे गए हैं।



उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे निर्धारित तिथि को सही समय व स्थान पर अपने-अपने विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में डीडीपीओ, जिला नगरायुक्त व एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग टोहाना, अधीक्षण अभियंता जन सेवाएं मंडल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व मुख्य डाकपाल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व डीडीपीओ, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद फतेहाबाद तथा सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फतेहाबाद से एक-एक, पुलिस अधीक्षक से 2 परिवाद तथा एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद से संबंधित 3 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे।

# टोहाना थाना सदर पुलिस की तत्पर कार्रवाई : डायल 112 टीम पर हमला करने वाला आरोपी काबू

## घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर ईंट से हमला, सरकारी वाहन को नुकसान

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर टोहाना पुलिस ने



त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि दिनांक 26 मार्च 2026 को प्रातः करीब 4:00 बजे डायल 112 पर गांव खनौरा से एक महिला द्वारा घरेलू विवाद की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही ईआरवी टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां महिला ने अपने पति द्वारा मारपीट करने की शिकायत दी। पुलिस टीम द्वारा स्थिति को शांत करने का प्रयास किया जा रहा था, तभी आरोपी सतनाम सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी गांव खनौरा मौके पर पहुंचा और हाथ में ईंट उठाकर पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। आरोपी ने ईंट मारकर सरकारी वाहन का शीशा तोड़ दिया तथा पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की कर मौके से फरार हो गया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी की पहचान सतनाम सिंह निवासी गांव खनौरा के रूप में हुई। इस संबंध में थाना सदर टोहाना में अभियोग संख्या 47 दिनांक 26.03.2026 धारा 221, 120(2), 132, 324(4), 351(2) बीएनएस व 3 पीडीपीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले की जांच जारी है।

### ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत थाना सदर रतिया पुलिस का सघन तलाशी अभियान-

# डॉग स्क्वॉड व कमांडो टीम के साथ थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ व्यापक कार्रवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/रतिया।

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहें ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशे के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस द्वारा लगातार सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना सदर रतिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें डॉग स्क्वॉड तथा कमांडो टीम का विशेष सहयोग लिया गया। अभियान का उद्देश्य नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों की जांच तथा आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करना रहा। तलाशी अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, गली-मोहल्लों, संदिग्ध ठिकानों व आवागमन वाले मार्गों पर गहन जांच की गई। डॉग स्क्वॉड की सहायता से नशीले पदार्थों की संभावित मौजूदगी वाले स्थानों को विशेष रूप से खंगाला गया, वहीं कमांडो टीम द्वारा क्षेत्र में सतर्क निगरानी रखी गई। अभियान के दौरान



पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने की अपील की। साथ ही आमजन को यह संदेश भी दिया गया कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की तस्करी या बिक्री से संबंधित कोई सूचना हो, तो वे तुरंत पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत चलाया गया यह अभियान न केवल नशे के खिलाफ सख्त संदेश देता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि फतेहाबाद पुलिस नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस प्रशासन द्वारा आगे भी इसी प्रकार के अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके और जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# पेट्रोल पंपों पर सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस की विशेष निगरानी एवं तत्परता

## कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा सतत गश्त एवं पर्यवेक्षण

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के निर्देशानुसार जनपद में पेट्रोल पंपों पर सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस पूर्णतः सतर्क, सक्रिय एवं सजगता के साथ कार्य कर रही है। जिला पुलिस द्वारा सभी पेट्रोल पंपों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पेट्रोल-डीजल का वितरण शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होता रहे। इस संबंध में समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पंपों पर नियमित गश्त करें तथा वहाँ की



स्थिति पर सतत दृष्टि बनाए रखें। पुलिस दलों द्वारा पेट्रोल पंपों के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की भीड़, अव्यवस्था, अफरा-तफरी अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। यदि किसी स्थान पर भीड़ अधिक होने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर पंक्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है तथा आमजन को शालीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। फतेहाबाद पुलिस द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों के साथ सतत समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे वितरण व्यवस्था निर्बाध एवं सुचारू रूप से संचालित होती रहे। पुलिस अधिकारी समय-समय पर पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन भी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है, ताकि किसी भी परिस्थिति का त्वरित एवं प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल को लेकर घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। आमजन से अनुरोध है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भीड़ एकत्रित न करें। फतेहाबाद पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि वे शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, धैर्य का परिचय दें तथा पेट्रोल पंपों पर अनुशासित एवं क्रमबद्ध तरीके से पेट्रोल-डीजल प्राप्त करें, जिससे सभी नागरिकों को बिना किसी असुविधा के आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होती रहें।

